# पर्यटन अध्ययन

## बीटीएस
## प्रथम वर्ष

## सत्रीय कार्य पुस्तिका
## (2015)

## टीएस–1 और टीएस–2

पर्यटन एवं आतिथ्य सेवा प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

# बीटीएस सत्रीय कार्य

## पर्यटन अध्ययन सत्रीय कार्य

प्रिय विद्यार्थी,

आपको पर्यटन अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना है।

सत्रीय कार्य को करने से पहले कृपया पर्यटन अध्ययन की कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। हम आपको टीएस–1 और टीएस–2 के सत्रीय कार्य भेज रहे हैं।

नोटः सभी सत्रीय कार्यों को समय पर अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें। अपने सत्रीय कार्य के मुख पृष्ठ पर अपनी नामांकन सं., नाम, पता, सत्रीय कार्य कोड एवं अध्ययन केंद्र कोड लिखें।

जमा कराए गए सत्रीय कार्य के बदले में अपने अध्ययन केंद्र से उसकी रसीद प्राप्त कर लें। यदि संभव हो तो सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास रखें।

मूल्यांकन के बाद, अध्ययन केंद्र द्वारा आपको सत्रीय कार्य वापस भेजा जाना अपेक्षित है। कृपया इसके लिए अनुरोध करें और रिकॉर्ड के रूप में इसे अपने पास रखें। अध्ययन केंद्र सत्रीय कार्यों के अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजता है।

### सत्रीय कार्य करने के लिए निर्देश

हम आपसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500–700 शब्दों के बीच देने अथवा जैसा सत्रीय कार्य में उल्लेख किया गया है, के अनुसार देने की आशा करते हैं। निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना आपके लिए उपयोगी होगाः

1) योजना बनानाः सत्रीय कार्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। उन इकाइयों का अध्ययन करें जिन पर ये सत्रीय कार्य आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ बातें नोट कर लें और तत्पश्चात उन्हें तर्कसंगत क्रम से व्यवस्थित करें।

2) संगठनः अपने उत्तरों की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले उनके चयन और विश्लेषण पर थोड़ा अधिक ध्यान दें। निबंध जैसे किसी प्रश्न का उत्तर देते समय प्रस्तावना और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। यह सुनिश्चित करें किः
   - क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है।
   - ख) उत्तर के वाक्यों और अनुच्छेदों/पैराग्राफों के बीच स्पष्ट संबंध है।
   - ग) आपने अपनी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति को उपयुक्त महत्व देते हुए उत्तर सही–सही लिखा है।

3) प्रस्तुतिः जब आपको अपने उत्तर संतोषजनक लगें तो आप उन्हें भेजने के लिए अंतिम रूप देकर लिख लें। प्रत्येक उत्तर स्पष्ट रूप से लिखें और जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित करें।

शुभकामनाओं सहित,

डॉ.अरविन्द कुमार दुबे
कार्यक्रम संयोजक, बीटीएस

सत्रीय कार्य जमा कराने की अनुसूची

| अनिवार्य पाठ्यक्रम | जनवरी सत्र के लिए अंतिम तिथि | जुलाई सत्र के लिए अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| टीएस–1 | अप्रैल 15, 2015 | अक्तूबर 15, 2015 |
| टीएस–2 | अक्तूबर 15, 2015 | अप्रैल 15, 2016 |

# टीएस–1 : पर्यटन में आधार पाठ्यक्रम

(अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोड : टीएस–1 कार्यक्रम : बीटीएस

कुल अंक : 100 सत्रीय कार्य कोड : टीएस–1/टीएमए/2015

नोटः इस सत्रीय कार्य के दो भाग हैं।

भाग–। में दो प्रश्न हैं, जिनमें से आपको किसी एक का उत्तर देना है। यह प्रश्न 25 अंक का है और इसका उत्तर लगभग 700 शब्दों में लिखें।

भाग–।। में आठ प्रश्न हैं। जिनमें से किन्हीं पॉच प्रश्नों के उत्तर देने हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में लिखें। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है।

अपना टीएमए अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।

---

## भाग–।

1. पर्यटन की परिभाषा लिखिए। पर्यटन के रूपों और प्रकारों की चर्चा कीजिए। 25

अथवा

2. पर्यटन के उद्देश्यों की चर्चा कीजिए। 25

---

## भाग–।।

1. पर्यटन के इतिहास का अध्ययन करने का क्या उद्देश्य है? 15

2. निम्नलिखित पर संक्षेप में टिप्पणी लिखिएः (5x3=15)
   - (क) सिल्क मार्ग
   - (ख) वैकल्पिक पर्यटन
   - (ग) ग्रांड टूर

3. पर्यटन उद्योग के प्राथमिक/प्रमुख घटकों की चर्चा कीजिए। 15

4. आतिथ्य सत्कार (Hospitality) सेक्टर के लिए कानून बनाने की क्या आवश्यकता है? 15

5. विभिन्न प्रकार के आवासों का विस्तार से वर्णन कीजिए। 15

6. दिल्ली हाट पर विस्तार से एक टिप्पणी लिखिए। 15

7. किसी गंतव्य स्थल पर मौसम और रोजगार की संभावनाओं के बीच के संबंधों की चर्चा कीजिए। 15

8. आधारभूत संरचना की परिभाषा लिखिए। आधारभूत संरचना और पर्यटन के बीच संबंधों का उल्लेख कीजिए। 15

# टीएस–2 : पर्यटन विकास : उत्पाद, संचालन और स्थिति अध्ययन

(अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोड : टीएस–2 | कार्यक्रम : बीटीएस

कुल अंक : 100 | सत्रीय कार्य कोड : टीएस–2/टीएमए/2015

नोटः इस सत्रीय कार्य के दो भाग हैं।

भाग–I में दो प्रश्न हैं, जिनमें से आपको किसी एक का उत्तर देना है। यह प्रश्न 25 अंक का है और इसका उत्तर लगभग 700 शब्दों में लिखें।

भाग–II में आठ प्रश्न हैं। जिनमें से किन्हीं पॉच प्रश्नों के उत्तर देने हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में लिखें। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है।

अपना टीएमए अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।

## भाग–I

1. जनसांख्यिकीय प्रोफाइल का अध्ययन करने के लिए विश्लेषण किए जाने वाले विभिन्न कारकों और पर्यटन उद्योग में उनके महत्व का वर्णन कीजिए। 25

अथवा

2. अजंता, एलौरा और एलिफेंटा के संरक्षण के लिए सुझाए गए विभिन्न कदमों पर प्रकाश डालिए। 25

## भाग–II

1. पर्यटक की प्रोफाइल तैयार करने की क्या विधियां है? गंतव्य स्थल का विकास करने में यह किस प्रकार सहायता करती हैं? 15

2. किसी शहर का भ्रमण/टूर करते समय एक टूर ऑपरेटर को जिन सामान्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है, उनके बारे में लिखिए। 15

3. भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने में नृत्य और संगीत के महत्व का परीक्षण कीजिए। 15

4. आरामगाह/रिसॉर्ट किस प्रकार होटल से भिन्न होते हैं? किसी समुद्रतटीय (beach resort) आरामगाह की विषेशताओं की चर्चा कीजिए। 15

5. जातीय (एथनिक) पर्यटन शब्द से आप क्या समझते हैं? इसका विकास करने के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं के प्रभावों की चर्चा कीजिए। 15

6. ''पैलेस ऑन व्हील्स'' की सफलता का मूल्यांकन कीजिए। इसमें और अधिक बेहतर परिवर्तन लाने के बारे में अपने विचार व्यक्त कीजिए। 15

7. यूरोपीय पर्यटक बाजार की विशेषताओं की चर्चा कीजिए। 15

8. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर 250–250 शब्दों में संक्षेप में टिप्पणी लिखिएः
   (क) राजमार्ग पर्यटन (7.5x2=15)
   (ख) विरासत होटल
   (ग) संग्रहालय और पर्यटक आकर्षण